27/02/2026

आकाशवाणी ईटानगर

ईस्ट सियांग उपायुक्त सोनालिका जिवानी की अध्यक्षता में कल मासिक DDR सह ज़िला स्थरीय निगरानी समीति की बैठक आयोजित की गई। इसमें महत्वपूर्ण परियोजनाओं के विकास, राजस्व सृजन और सरकारी योजनाओं को लागू करने की समिक्षा की गई। बैठक का उद्देश्य ज़िले के विभिन्न विभागों और लाइन विभागों की प्रदर्शन की समीक्षा करना था। इस अवसर पर उपायुक्त ने ज़रूरी आधारभूत संरचना परियोजना के स्थिति की समिक्षा की। उन्होंने जिले भर में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही राज्य और केंद्र से वितपोषित योजनाओं का भी विस्तृत मूल्यांकन किया। बैठक में कार्यान्वयन की प्रगति और ज़मीनी चुनौतियों की जांच की गई ताकि लाभर्तियों तक समय पर फायदा सुनिश्चित किया जा सके।

0000000000000000000000000

माई भारत, ईटानगर द्वारा देरा नातुङ गवर्नमेंट कॉलेज के सहयोग से कॉलेज कॉन्फ्रेंस रूम में “फ़िफ़्टी इयर्स ऑफ़ इमरजेंसी: ए लेसन फ़ॉर इंडियन डेमॉक्रेसी” थीम पर विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का सफल आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एम.क्यू. खान द्वारा किया गया जिसमें छात्रों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करत हुए डिप्टी डायरेक्टर गोपेश पांडे ने विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट पहल के उद्देश्य को साझा करते हुए इमरजेंसी की अहमियत पर ज़ोर दिया, ताकि भारतीय गणतंत्र के संवैधानिक सुरक्षा उपायों, लोकतांत्रिक संस्थाओं और नागरिक सुविधा को और गहराई से समझा जा सके। उन्होंने कहा कि यूथ पार्लियामेंट मंच युवाओं को गंभीरता से सोचने, आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने और देश के विकास में सक्रिय रूप से योगदान को बढ़ावा देता है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के बागवानी विभाग द्वारा आज मशरूम विकास केंद्र, G.T.C पासीघाट में “मशरूम की खेती की तकनीक” पर दो दिवसीय प्रशिक्षण और प्रदर्शन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पचास से अधिक किसान शामिल हुए, जिनमें प्रगतिशील किसान, बेरोज़गार युवा और पासीघाट, मेबो, रुक्सिन सर्कल एवं वेस्ट सियाङ ज़िले के आलो से विभिन्न स्वसहायता सहायता समुह के सदस्य शामिल थे।

0000000000000000000000000

असम राइफल्स की खोंसा बटालियन ने स्वर्गीय राइफ़ल मैन मोहम्मद राजेन को श्रद्धांजलि देने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिन्होंने देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया।

कार्यक्रम का आयोजन बटालियन वॉर मेमोरियल पर हुआ, जहाँ यूनिट के कमांडेंट और कर्मचारियों ने शहीद सैनिक के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित की। इस समारोह में सम्मान, कर्तव्य और बलिदान के मूल्यों को पुन: दोहराया गया, जो असम राइफल्स की नींव हैं।

0000000000000000000000000

ICAR-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिशरीज़ एजुकेशन, मुंबई के कोलकाता सेंटर ने रोइंग में मत्स्य पालन विभाग के सहयोग से 'कार्प प्रजातियों में विविधता से बहु-कृषि से उत्पादकता और लाभ में वृद्धि' पर 3 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मछली पालकों को व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करने का शुरुआती कदम है, ताकि मछली की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक रूप से पिछड़े किसानों की आय को बेहतर करते हुए राज्य में मछली उत्पादन को बढावा देना हैं। इसके तहत 3 साल का कार्यक्रम भी शामिल किया जाएगा जिसमें किसानों के तालाबों पर डेमोंस्ट्रेशन, साथ ही उच्च-मूल्य और तेज़ी से बढ़ने वाली प्रजातियों के साथ विविध कार्प जलीय कृषि पर क्षमता निर्माण शुरू किया गया है।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के सात जिलों कुरुङ कुमे, पाके केसाङ, पापुम पारे, अपर सियाङ, दिबाङ वैली, लोअर दिबाङ वैली और लोहित के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000

फुटबॉल टूर्नामेंट 2025-26 का किकऑफ चैलेंज 8 असम राइफल्स द्वारा तेइस से छब्बीस फरवरी तक मुख्यालय 25 सेक्टर असम राइफल्स के अंतरगत आयोजित किया। जिसका उद्देश्य इस श्रेत्र में खिलाड़ायों, युवाओं की भागीदारी और नागरिक-सैन्य संबंधों को मज़बूत करना था। टूर्नामेंट में कई जाने-माने क्लबों द्वारा हिस्सा लिया गया। ग्रैंड फिनाले कल हॉर्नबिल एरो स्पोर्टिंग क्लब और खारसांग रॉयल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें हॉर्नबिल एरो स्पोर्टिंग क्लब ने खारसांग रॉयल क्लब को 4-2 से प्राजित कर चैपियनशिप ट्रोफी अपने नाम किया।

0000000000000000000000

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय शामिल करना दुर्भाग्यपूर्ण है और सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रधान ने कहा कि उन्होंने एन.सी.ई.आर.टी. को सभी पुस्तकें वापस लेने और रद्द करने का निर्देश

दिया है और कहा कि सरकार का न्यायिक प्रणाली का अपमान करने का कोई इरादा नहीं है। इस मामले पर खेद व्यक्त करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का जो भी आदेश होगा। मंत्रालय उसका पालन करेगा। उन्होंने कहा कि विभाग के सचिव को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तक में इस तरह का गैर-जिम्मेदाराना अध्याय जोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय वाली कक्षा 8 की एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने सभी प्रतियों को जब्त करने के साथ-साथ इसके डिजिटल प्रारूपों को भी हटाने का आदेश दिया था। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च को तय की।

0000000000000000000000000